CSWCJS

समाज कार्य और आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रमाणपत्र
(सीएसडब्ल्यूसीजेएस)

सत्रीय कार्य–2019

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

सत्रीय कार्य भेजने के लिए अनुसूची

प्रिय विद्यार्थी,

आपका समाज कार्य और आपराधिक न्याय प्रणाली प्रमाणपत्र कार्यक्रम में स्वागत है।

हमें उम्मीद है कि आप सीएसडब्ल्यूसीजेएस कार्यक्रम मार्गदर्शिका को सावधानीपूर्वक पढ़ चुके होंगे। हमने बताया है कि आपको इग्नू की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के लिए निर्धारित समय के भीतर सत्रीय कार्य पूरा करना महत्वपूर्ण है। सी एस डब्ल्यू सी जे एस के सभी सत्रीय कार्य अध्यापक जाँच सत्रीय (टी.एम.ए.) और सतत मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

आप पाएँगें कि अलग–अलग सत्रीय कार्य आपकों दिए गए हैं जो एम.एस.डब्ल्यू.–031 और एम.एस.डब्ल्यू.–032 पर आधारित है। एम.एस.डब्ल्यू–033 जो कि एक परियोजना कार्य है के लिए कोई सत्रीय कार्य नहीं है। सत्रीय कार्य लिखने से पहले आप कार्यक्रम मार्ग दर्शिका ध्यानपूर्वक पढें। कृ पया, अपने उत्तर लिखने से पहले, सत्रीय कार्य सम्बन्धित निर्देशों को पढें। यदि आपको विषय और सत्रीय कार्य से सम्बन्धित कोई सन्देह या समस्या है तो आप अपने अध्ययन केन्द्र पर सम्बन्धित शैक्षिक परामर्शदाता से सम्पर्क करें।

आपसे अनुरोध है कि आप पहले विषय सामग्री को पढ़ें और तब उसके बाद अपने सत्रीय कार्य का जवाब निर्देशों का अनुसरण करते हुए लिखें। आपके जवाब, आपको स्वयं पढ़ने के उद्देश्य से दी गई मूल पाठ् विषयक सामग्री/ब्लाक से शब्दशः उतारे नहीं होने चाहिए। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित या सफाई से टाइप किये हुए हों। कृपया आप अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास अपने सत्तीय कार्य जमा कराएँ** और उनसे इनकी रसीद प्राप्त कर लें। भविष्य में किसी भी सन्दर्भ/प्रयोग के लिए अपने सत्रीय कार्य की कार्बन कापी या फोटोकापी अवश्य रख लें। सत्रीय कार्य के लिए अनुसूची नीचे दी गई है –

1. जनवरी 2019 के विद्यार्थियों के लिए – 31 मार्च, 2019

2. जुलाई 2019 के विद्यार्थियों के लिए – 30 सितम्बर, 2019

आपको सफलतापूर्वक कार्यक्रम पूरा करने के लिए शुभकामनाएँ।

(डॉ. सायन्तनि गुइन)
कार्यक्रम समन्वयक
ई मेल : sayantaniguin@ignou.ac.in
फोन : 011–29571697

सुधारात्मक परिवेशों में समाज कार्य अंतःक्षेप (एम.एस.डब्ल्यू.–031)

पाठ्यक्रम कोडः एम.एस.डब्ल्यू.–031
अधिकतम अंक : 100

नोट : i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें।
ii) उत्तर लगभग **300 शब्दों** में दीजिए।
iii) **सभी** प्रश्नों के **अंक समान** हैं।

1. जेल सेटिंग के विशेष संदर्भ के साथ सामाजिक वैयक्तिक कार्य के सिद्धांतों की व्याख्या करें। 20

2. समूह विकास में समूह कार्यकर्ता की भूमिका पर प्रकाश डालें। 20

3. जीवन कौशल शिक्षा से आप क्या समझते हैं? जीवन कौशल शिक्षा में समूह कार्यकर्ता की भूमिका का संक्षेप में वर्णन करें। 20

4. सामाजिक क्रिया क्या है? भारत में किसी भी एक सामाजिक क्रिया आंदोलन पर चर्चा करें। 20

5. साक्षात्कार संरचना के तीन मॉडल संक्षेप में बताएं। अपने क्षेत्र कार्य अनुभव के उदाहरण के साथ किसी एक मॉडल की व्याख्या करें। 20

6. कार्यक्रम योजना को प्रभावित करने वाले कारकों पर प्रकाश डालें। 20

7. वे कौन सी विशेषताएँ हैं जो एक पेशेवर साक्षात्कार को एक वार्तालाप से अलग करती हैं? 20

8. सामाजिक कार्य में परामर्श की आवश्यकता और कार्यक्षेत्र पर चर्चा करें। 20

समाज कार्य और आपराधिक न्याय (एम.एम.डब्ल्यू.–032)

पाठ्यक्रम कोडः एम.एम.डब्ल्यू.–032
अधिकतम अंक : 100

नोट : i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें।
ii) उत्तर लगभग **300 शब्दों** में दीजिए।
iii) **सभी** प्रश्नों के **अंक समान** हैं।

1. आपराधिक न्याय प्रशासन क्या है? इसके विभिन्न घटकों की व्याख्या कीजिए।

2. अभियुक्त के संवैधानिक अधिकारों को सूचीबद्ध करें।

3. लेबलिंग सिद्धांत क्या है? विस्तारपूर्वक बताएं।

4. भारत में किशोर न्याय प्रणाली की व्याख्या कीजिए।

5. स्वतंत्रता के बाद भारत में जेल सुधार के विकास पर एक संक्षिप्त नोट लिखें।

6. बाल संरक्षण कानून की उत्पत्ति का पता लगाएं।

7. न्याय की अवधारणा का वर्णन करें।

8. भारत में पीड़ित मुआवजा योजना की व्याख्या करें।